>

Title: Need to augment rail services in Banaskantha Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री हरिभाई चौधरी (बनासकांठा) : मेरा संसदीय क्षेत्र बनासकांठा रेल की सुविधा से पूरी तरह से वंचित है। बनासकांठा जिले का मुख्यालय पालनपुर रेलवे स्थित स्टेशन बुनियादी सेवा से वंचित है । इस रेलवे स्टेशन पर वेटिंग रूम नहीं है, प्लेटफार्म पर शैड नहीं है । इस पालनपुर रेलवे स्टेशन से लंबी दूरी की रेल सेवा नहीं है । दूर जाने के लिए दूसरे स्टेशनों पर जाना पड़ता है । कई महत्वपूर्ण गाड़ियों का इस रेलवे स्टेशन पर ठहराव नहीं है । मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्य रेलवे स्टेशन अमीरगढ़, इकबालगढ़, धनेरा, दीसा, दियोदर, भिल्डी एवं भब्बर इत्यादि पर रेलवे विभाग ध्यान नहीं दे रहा है । साथ ही समदारी-भिल्डी पर एल सी 149ए फाटक जो 50 साल पुराना है उसके स्थान पर पुल बनाने के लिए रेलवे एवं गुजरात सरकार द्वारा लागत की हिस्सेदारी के आधार पर निर्माण शुरू किया गया परंतु रेलवे विभाग ने कार्य का निर्माण होने के बाद लागत की हिस्सेदारी देने से मना कर दिया है जिसके कारण यह फाटक न बनने से इस फाटक से यातायात में काफी विलम्ब होता है और घातक दुर्घटनाएं भी हो रही हैं ।

सरकार से अनुरोध है कि बनासकांठा के मुख्यालय पालनपुर स्थित रेलवे स्टेशन पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाएं और यहां के लोगों की मांग पर आवश्यक रेल सेवाएं शुरू कराने का काम किया जाये और जिन रेल सेवाओं के ठहराव की मांग की जा रही है उनका ठहराव किया जाए और जोधपुर रेलवे पूर्बंधक कार्यालय अंतर्गत समदारी-भिल्डी रेलवे लाईन पर स्थित एल सी 149ए पुराने फाटक पर रोके गये कार्य को रेलवे एवं गुजरात सरकार की हिस्सेदारी के माध्यम से निर्माण कार्य में तेजी लाई जाये जैसा कि पूर्व में हिस्सेदारी के आधार पर निर्माण कार्य शुरू किया गया था ।